राजधानी •
वर्ष 19 । अंक 315 । पृष्ठ : 14+4
मूल्य : चार रुपये
6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

नई दिल्ली
मंगलवार, 22 फरवरी 2022
फाल्गुन कृष्ण-षष्ठी
विक्रम संवत-2078

अनोखा कदम | पीएम बोले-डिजिटल यूनिवर्सिटी से विश्वविद्यालयों में खत्म होगी सीटों की समस्या...9

दिल्ली-एनसीआर

फर्स्ट एवेन्यू में एओए को मिली रखरखाव की जिम्मेदारी

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट की गौड़ सिटी-1 के फर्स्ट एवेन्यू में अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए) को रखरखाव की जिम्मेदारी मिल गई है। एओए और बिल्डर के बीच करार हुआ है। जिसमें बिल्डर ने 3 माह में अधूरे कार्यों को पूरा कराने का वादा किया है। एओए अध्यक्ष केके सिन्हा ने बताया कि पिछले ढाई साल से रखरखाव की जिम्मेदारी लेने का संघर्ष कर रहे थे। इस संबंध में हाईकोर्ट में याचिका भी लंबित है। प्राधिकरण से भी कई बार मांग की थी। सोमवार को बिल्डर ने रखरखाव की जिम्मेदारी दे दी है। बिल्डर ने 3 माह में सभी अधूरे कार्यों को पूरा करने का वादा किया है। इसमें नया जनरेटर, एसटीपी, कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था, मरम्मत समेत अन्य कार्य हैं। वहीं इंटरेस्ट फ्री मेंटेनेंस सिक्योरिटी की धनराशि को बिल्डर 6 माह के अंदर देगा। मार्च के पहले सप्ताह में इसका चेक बिल्डर देगा। ब्यूरो